>

Title: Need to run direct trains from Balaghat in Madhya Pradesh to Raipur and Nagpur.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत बालाघाट से रायपुर तथा बालाघाट से नागपुर सीधी ट्रेन सेवा की मांग जनता द्वारा की जा रही है। वर्तमान में बालाघाट से गोन्दिया तक ट्रेन चलती है। गोन्दिया से नागपुर तथा रायपुर के लिए ट्रेन बदलनी पड़ती है। जो बहुत ही असुविधाजनक होती है। बालाघाट जिला देश के नक्सल प्रभावित जिलों में आता है तथा अति पिछड़ा जिला है। आजादी के बाद भी यह जिला सीधी रेल सेवा से बड़े शहरों से नहीं जुड़ पाया है। जनता बड़ी बेसब्री से बालाघाट से नागपुर तथा बालाघाट से रायपुर सीधी रेल सेवा से जुड़ने का इंतजार कर रही है। इसी प्रकार बालाघाट से गोन्दिया ट्रेन चलती है जिसके दिन में कम फेरे लगते हैं। इन फेरों को बढ़ाने की तत्काल आवश्यकता है। कई बार महाप्रबंधक दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को मैंने पत्र लिखा है। परंतु आज तक कोई कारवाई नहीं की गई। इसी के साथ बालाघाट, वारासिवनी तथा कटंगी रेलवे स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधाओं का भारी अभाव है।

अत: माननीय रेल मंत्री जी से मांग करता हूं कि इस समस्या को तत्काल प्रभाव से हल करने का कष्ट किया जाए।